भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 1297
उत्तर देने की तारीख़ः 10.02.2020

जवाहर नवोदय विद्यालय

†1297. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में विभिन्न राज्यों में 5 नए जवाहर नवोदय विद्यालयों तथा एक राष्ट्रीय नवोदय नेतृत्व संस्थान का उदघाटन किया है तथा 9 नए जवाहर नवोदय विद्यालयों की आधारशिला रखी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को तेलंगाना राज्य से आगामी शैक्षणिक वर्ष में जवाहर नवोदय विद्यालयों को आवंटित कराने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी क्या स्थिति है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): जी, हां। उत्तर प्रदेश में काशीराम नगर और सीतापुर-II, गुजरात में डांग और नवसारी, ओडिशा में मलकानगिरी-II में जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) के 05 नव निर्मित भवनों और ओडिशा के पुरी में 01 नवोदय नेतृत्व संस्थान का हाल ही में उदघाटन किया गया था। त्रिपुरा में सेफाईजाला और दक्षिणी त्रिपुरा, मेघालय में साऊथ वेस्ट खासी हिल्स, पश्चिम बंगाल में जलपाई गुड़ी, कर्नाटक में कलबुर्गी-I और कोलार, झारखंड में खूंटी और गुजरात में महिसागर में जनवि के स्थायी भवन की नीव रखी गई थी।

(ग) और (घ): नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जनवि खोलने का प्रावधान है। नवोदय विद्यालय योजना के तहत विभाजन से पूर्व आंध्र प्रदेश के सभी जिलों को शामिल किया गया था (हैदराबाद को छोड़कर, जो कि एक शहरी जिला है।) आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद इसके नौ जिले, नवगठित तेलंगाना राज्य के क्षेत्राधिकार में आये हैं। तेलंगाना के नवगठित शेष जिलों में कोई जनवि नहीं है। नए जनवि खोला जाना एक निरंतर प्रक्रिया है। जोकि बिना किसी लागत के उपयुक्त अपेक्षित भूमि उपलब्ध कराने और स्थायी भवन निर्माण होने तक विद्यालय चलाने हेतु अपेक्षित अस्थायी भवन, बिना किसी किराए के उपलब्ध कराने हेतु संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करता है। तथापि, वास्तविक मंजूरी और नए जनवि को खोलना निधि की उपलब्धता और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर है।

*****